सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 17 | अजमेर, मंगलवार 25 फरवरी 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## आतिशी दिल्ली विधानसभा में होंगी नेता प्रतिपक्ष



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने रविवार को एलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज आप के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना। राय ने कहा कि आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। उनपर नेता प्रतिपक्ष होने के नाते केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामों की रक्षा करना और भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनता से किए वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी होगी। आतिशी ने नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद कहा कि मैं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सभी विधायकों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाया है। भाजपा ने जो भी वादे किए विपक्ष के नाते हम उन सभी वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी निभायेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने हमें विपक्ष की भूमिका सौंपी है और हम एक मजबूत विपक्ष के रूप में यह सुनिश्चित करेंगे कि भाजपा सरकार दिल्ली वालों से किए अपने सभी वादे पूरे करें।

## महाकुंभ मेला 2025



*संगम तट पर आस्था का सैलाबए दिव्य स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिए देश दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज पहुंचे।*

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मोदी अपना सोशल मीडिया एकाउंट महिलाओं को सौंपेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट ऐसी प्रेरणादायी महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपेंगे जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से एक अलग पहचान बनाई है। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अगले महीने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। यह हमारी नारी शक्ति को नमन करने का एक विशेष अवसर होता है। देवी माहात्म्य में कहा गया है दृविद्या, समस्ता, तव देवि भेदा, स्त्रीय, समस्तारू सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी.शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। देश की मातृ-शक्ति ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज प्रस्तुत करते हुए हंसा मेहता के कथन की रिकार्डिंग साझा की जिन्होंने कहा था कि यह बहुत उपयुक्त मुद्दा है कि इस अगस्त घर पर फहराया जाने वाला यह पहला झंडा भारत की महिलाओं का उपहार होना चाहिए। हमने केसरिया रंग की



शुरुआत की है हमने अपने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी है पीड़ा सही है और बलिदान दिया है। आज हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है।

अपनी स्वतंत्रता के इस प्रतीक को प्रस्तुत करने में हम एक बार फ़िर राष्ट्र को अपनी सेवाएं देने के लिए प्रस्तुत हैं। हम एक महान भारत के लिए काम करने का संकल्प लेते हैं एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए जो राष्ट्रों के बीच एक राष्ट्र होगा। हम अपने आप को उस स्वतंत्रता को बनाए रखने के एक महान उद्देश्य के लिए काम करने का वचन देते हैं जिसे हमने हासिल किया है। मोदी कहा कि हंसा मेहता ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण से लेकर उसके लिए बलिदान देने वाली देश-भर की महिलाओं के योगदान को सामने रखा था। उनका मानना था कि हमारे तिरंगे में केसरिया रंग से भी ये भावना उजागर होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया था कि हमारी नारी-शक्ति भारत को सशक्त और समृद्ध बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देगी आज उनकी बातें सच साबित हो रही हैं। आप किसी भी क्षेत्र पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाओं का योगदान कितना व्यापक है।

मोदी ने कहा कि साथियों इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूं जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया एकाउंट जैसे एक्सए इंस्टाग्राम के एकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणादायी महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूं। ऐसी महिलाएं जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं नवान्वेषण किया है अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 08 मार्च को वो अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। प्लेटफॉर्म भले ही मेरा होगा लेकिन वहां उनके अनुभव उनकी चुनौतियाँ और उनकी उपलब्धियों की बात होगी।उन्होंने कहा कि यदि आप चाहती हैं कि ये अवसर आपको मिले तो नमोएप पर बनाए गए विशेष फोरम के माध्यम से इस प्रयोग का हिस्सा बनें और मेरे एक्स और इंस्टाग्राम एकाउंट से पूरी दुनिया तक अपनी बात पहुंचाएं तो आइए इस बार महिला दिवस पर हम सब मिलकर अदम्य नारी-शक्ति का सम्मान करें नमन करें।

# ये क्या बोल गए शशि थरूर, कांग्रेस के उड़ाए होश

### पीएम मोदी व केरल सरकार की तारीफ



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार की तारीफ से विशेष चर्चा में आए तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने यह कहकर अब सबको चौंका दिया है कि पार्टी के लिए वह उपलब्ध हैं लेकिन यदि उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास विकल्पश हैं।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह बयान मलयाली भाषा के एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दिया है। इस बयान के बाद उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें और तेज हो गई हैं हालांकि उन्होंने इसका खंडन किया है।थरूर ने हाल में मोदी की अमरीका यात्रा की तारीफ करने के साथ ही केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजय के नेतृत्व वाली एलडीएफसरकार के कामों की प्रशंसा की जिसके कारण राजनीतिक गलियारे में उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें बढ़ गई थीं। हालांकि इन टिप्पणियों के बीच थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अफ़्वाहों का खंडन किया और कहा कि वह सिर्फअपने काम को लेकर पार्टी से सवाल कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफचुनाव लड़ने के बाद से ही अलग थलग नज़र आ रहे तिरुवनंतपुरम से चौथी बार पार्टी के टिकट पर लोकसभा पहुंचे थरूर ने पार्टी नेता राहुल गांधी से भी अपनी भूमिका तय करने को लेकर बात की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। अब मोदी और केरल सरकार की तारीफकरके पार्टी की सेवा में उपलब्ध की बात करने के साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दे दी कि उनके पास विकल्प भी मौजूद है। शशि थरूर के इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल बढ़ गई है और अटकलें ने तेजी पकड़ ली है कि थरूर कांग्रेस छोड़ रहे हैं।

## विजेंद्र गुप्ता चुने गए दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष



नई दिल्ली। विजेंद्र गुप्ता सोमवार को सर्वसम्मति से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष के लिए भारतीय जनता पार्टी विधायक विजेंद्र गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया जिसका कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने समर्थन किया। अध्यक्ष के लिए दूसरा प्रस्ताव कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह ने किया जिसका मंत्री प्रवेश वर्मा ने समर्थन किया। भाजपा विधायक कुलवंत राणा ने भी गुप्ता के लिए अध्यक्ष पद के दोनों प्रस्तावों का समर्थन किया।प्रोटेम स्पीकर अरविंदर लवली ने विजेंद्र गुप्ता के नाम अध्यक्ष के लिए सदन के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

## सम्पादकीय

# मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

भारतीय जनता पार्टी ने फ्रि एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफनेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है जो सफ्ल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ हैए जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था लेकिन उनकी शिक्षा.दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफ्र शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभावए खुशमिजाजए संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफएवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थीए तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैंए इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैंए कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है।मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफ्र चुनौतीपूर्ण रहने वाला हैए क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफ्ाईए स्वच्छ पेयजल, साफप्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देनाए प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफ्ाई सड़कों की मरम्मत, ट्रैफ्कि जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं होए एकाएक उनके फ्ॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान होए उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा होए लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का।

# चूरु में कनिष्ठ सहायक 2 हजार रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

चूरू। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने चूरू जिले के सरदारशहर की खेजड़ा दिखणादा पंचायत समिति में कनिष्ठ सहायक को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।



ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो की चूरु चौकी में शिकायत की कि उसकी पत्नी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास के लिए वर्ष 2018 की चयनित सूची में पात्र आवेदकों में था। पीएम आवास योजना की सूची के अनुसार परिवादी की पत्नी के नाम मकान स्वीकृति एवं जीओ टैग प्रक्रिया करने की एवज में पंचायत समिति में कनिष्ठ सहायक रणजीतसिंह चार हजार रूपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि इस पर सत्यापन के बाद चूरू चौकी में पुलिस निरीक्षक महेन्द्र कुमार ने ब्यूरो के दल जाल बिछाकर रणजीत सिंह को पंचायत समिति सरदारशहर जिला चूरू में परिवादी से दो रूपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# अजमेर को बजट में मिली कई सौगातें, जिले का होगा विकास



अजमेर। राजस्थान विधानसभा में पेश बजट में अजमेर जिले को भी सैकड़ों करोड़ रूपए की सौगातें मिली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अजमेर जिले को कई अहम योजनाओं का उपहार दिया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधायक अनिता भदेल, शत्रुध्न गौतम व रामस्वरूप लाम्बा के प्रयास रंग लाए हैं।

## बजट में अजमेर को मिली है सौगातें

- अजमेर में सार्वजनिक पुस्तकालय का उन्नयन- शहर के लिए प्रवेश द्वार एवं प्लाजा का कार्य 10 करोड़ रूपए की लागत से होगा।
- जेएलएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल अजमेर के भवन का जीर्णोद्धार तथा उन्नयन के कार्य 50 करोड़ रूपए की लागत से होगा।
- अजमेर में जीएसएस निर्माण व क्रमोन्नयन रू 132 केवी जीएसएस.हाथीभाटा 33/11 केवी जीएसएस.तिलोरा;पुष्कर।
- अजमेर में डिजिटल प्लेन्टटेरियम्स के साइन्स सेन्टर में इनोवेशन हब्स की स्थापना की जाएगी।
- अजमेर की वरूण सागर झील व चौरसियावास तालाब के सौन्दर्यकरण जीर्णोद्वार व अन्य विकास कार्य किए जाएंगे।
- अजमेर के गंगा भैरव घाटी काजीपुरा में लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व बनेगा।
- अजमेर की आनासागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स के लिए पीपीपी मोड पर आवश्यक कार्य।
- अजमेर के चन्द्रवरदाई खेल स्टेडियम व पटेल स्टेडियम का उन्नयन कार्य किया जाएगा।
- अजमेर में सीवर लाइनों के अन्दर क्लोज्ड सर्किट टेलिविजन ऑन सर्वे सीसीटीवी के द्वारा कन्डीशन असेस्मेन्ट करवाकर क्षतिग्रस्त भाग को बिना सड़क की खुदाई करे ट्रेन्चलेस मैथेड से बदलने का कार्य होगा।
- अजमेर महिला पॉलोटेक्निक महाविद्यालय मय कम्प्यूटर साइन्स की नवीन शाखा आरम्भ होगी।
- अजमेर पॉलोटेक्निक महाविद्यालयों में ऑटोमोबाईल इन्स्टूमेन्टेशन प्रिन्टिंग की नवीन सीटों में वृद्धि की गई है।
- जेल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए कारागार प्रशिक्षण संस्थान अजमेर का राजस्थान इन्स्टियूट ऑफ करेक्शनल एडमिनेस्ट्रेशन एण्ड रिसर्च के रूप में क्रमोन्नयन 10 करोड़ रूपए की लागत से प्रस्तावित है।
- अजमेर में खुला बंदी शिविर ;पेट्रोल पम्पद्ध स्थिापित होगा।
- अजमेर शैक्षिक संभाग में स्पोटर्स स्कूल सम्बन्धी कार्य होंगे।
- अजमेर संभाग में पेरास्पोटर्स के लिए स्पेशल स्पोटर्स कॉम्पलेक्स बनेगा।
- अजमेर सहित जयपुर जोधपुर एवं कोटा की विभिन्न सेक्टर रोड़ के कार्य 575 करोड़ रूपए में करवाएं जाएंगे।
- अजमेर सहित 18 शहरों में जलापूर्ति के कार्य एक हजार 650 करोड़ रुपए की लागत से होगा।
- अजमेर सहित समस्त संभागीय मुख्यालयों के लिए क्रॉम्प्रेसिव मॉबेलिटी प्लान भी बनवाया जाएगा।
- अजमेर सहित संभाग मुख्यालयों एवं 32 शहरों में सॉलिड़ वेस्ट मैनेजमेन्ट सम्बन्धी कार्य 3 हजार 650 करोड़ रूपए की लागत से होगा।
- अजमेर एवं पुष्कर सहित 75 शहरों में सीवरेज गेफको चरण बद्ध रूप से कवर करने का कार्य 3450 करोड़ रूपए से होगा।
- अजमेर सहित 14 उच्च शहरीकृत शहरों एवं इनके 42 सेटेलाईट टाउन्स में पर्यटन हेरिटेज कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर व बाढ़ प्रबन्धन सम्बन्धी कार्य होगा।
- अजमेर सहित संभाग मुख्यालय पर अल्ट्रा एडवांस बर्न केयर सेन्टर स्थिापित किया जाएगा।
- अजमेर सहित संभाग मुख्यालय की जिला अस्पतालों में डेडिकेटिक जिरेएट्रिक सेन्टर;रामाश्रय का उन्नयन प्रस्तावित है।
- शहरी पेयजल परियोजना रू बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना स्टेज.द्वितीय फेज.द्वितीय के अन्तर्गत कोमन ईनटेक वेल विथ रॉ वॉटर ट्रॉसमिशन लाईनए जल शोधन संयंत्र मय क्लीयर वॉटर ट्रॉसमिशन लाईन एवं स्वच्छ जलाशय का निर्माण व अन्य सम्बन्धित कार्य एक हजार 986 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से होगा।
- पेयजल परियोजना-पीसांगन तबीजी मसूदा में पाइप लाईन व उच्च जलाशय निर्माण का कार्य 9 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से होगा।
- गगवाना एनएच 8 से प्रसिद्ध खोड़ा गणेश मंदिर तक डबल लेन सड़क 11.5 किमी निर्माण कार्य होगा।
- पुष्करए केकड़ी में रोड़वेज बस स्टैण्ड सम्बन्धी कार्य 30 करोड़ रूपए की लागत से होगा।
- पुष्कर व किशनगढ़ सहित सभी नगर परिषदों में घर.घर कचरा सग्रहण वाहनों पर विहिकल ट्रैकिंग सिस्टम लगाने तथा कन्ट्रोल कमाण्ड सेन्टर का निर्माण कर उन्हें राज्य स्तरीय कमाण्ड सेन्टर से जोड़ा जाएगा।
- पुष्कर सहित रा'य के कई धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाएं 95 करोड़ रूपए से विकसित होगी।
- पुष्कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन किया जाएगा।
- मुहामी तबीजी उप स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नयन किया जाएगा।
- पीसांगन एवं नसीराबाद में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालयों का निर्माण कार्य किया जाएगा।
- केकड़ी में विद्यालय स्तरीय सावित्री बाई फुले छात्रावास स्थापित होगा।
- केकड़ी में महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास स्थापित होगा।
- किशनगढ़ सिविल एयरपोर्ट पर बम डिटेक्शन एण्ड डिस्पोजल स्क्वाड के लिए विभिन्न पद सहित विभिन्न तकनिकी शाखाओं एवं ईकाईयों के लिए नवीन पद सृजित होंगे।
- केन्द्र की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर किशनगढ़ए पुष्कर के शहरी क्षेत्रों को आगामी 3 वर्षो में क्लीन एण्ड ग्रीन.इको सिटीज के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है।
- रूपनगढ़ में नवीन कृषि उपज मण्डी स्थापित होगी।
- घूघरा में वाटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा।
- पुष्कर सरोवर के फीडर्स बडल्या फीडर फूलसागर बीर फीडर कायड फीडर कार्य किए जाएंगे।
- देवरी माता एनिकट -नसीराबाद सीताराम एनीकट मसानिया में प्रस्तावित है।
- लाखोलाव तालाब, हनुवंतियां, छोटा तालाब चाट जैतगढ़ ;नसीराबाद, की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए बजट का प्रावधान किया गया है।
- अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय केकड़ी को यथावत रखा गया है।
- सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय भिनाय में स्थापित होगा।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनाय की बेड क्षमता में वृद्धि की गई है।
- नवीन औद्योगिक क्षेत्र केकड़ी में स्थापित होगा।
- राणा प्रताप सागर बांध ब्राह्मणी नदी से बिसलपुर बांध में जल अपवर्तन लिंक के कार्य हाथ में लिए जाएंगे तथा इनको आगे बढ़ाते हुए बिसलपुर बांध से बाण गंगा एवं रूपारेल नदी को चरणबद्ध रूप से जोड़े जाने सम्बन्धी कार्य की डीपीआर 6 हजार 100 करोड़ रूपए से होगी।
- विकसित राजस्थान 2047 की कार्ययोजना के अन्तर्गत आगामी 2 वर्षो में चरणबद्ध तरीके से अजमेर सहित राज्य के विभिन्न मण्डी प्रांगणों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के कार्य 125 करोड़ रूपए से करवाए जाएंगे।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10.10 करोड़ रूपए की राशि से नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य करवाए जाएंगे।
- 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में सीमेन्ट क्रंक्रीट के अटल प्रगति पथ के निर्माण करवाए जाएंगे।
- नगर निगम में चरणबद्ध रूप से सुपर सकर मशीन लगेगी।
- महाविद्यालय भवन निर्माण भिनाय में करवाया जाएगा।
- युवाओं को फ्यूचर रेडी. इन्डस्ट्री रेडी बनाने के लिए इन्डस्ट्री पार्टनर्स के सहयोग से संभाग में सेन्टर फॉर एडवान्सट स्किलिंग एण्ड केरियर काउन्सलिंग की स्थापना की जाएगी।
- जिला चिकित्सालयों में 10 बैड हिमोडाइलेसिस के उपलब्ध कराए जाएंगे।
- विभिन्न गम्भीर व असाध्य रोगों के उपचार के लिए डे केयर सेन्टर भी समस्त जिला चिकित्सालय में प्रारम्भ किए जाएंगे।
- दिव्यांगजनों की चिकित्सा सुविधा हेतु संभागीय स्तर के पुनर्वास सेन्टर का उन्नयन कार्य होगा।
- नॉन एल्कोलिक फेटी लीवर डिजिज की जांच के लिए संभाग स्तरीय अस्पतालों में फ्इब्रो स्केन मशीन्स की स्थापना तथा स्क्रिनिंग के लिए अभियान चलाया जाएगा।
- जिला मुख्यालय पर कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए अतिरिक्त आवास व्यवस्था उपलब्ध करवाने के कार्य हाथ में लिए जाएंगे।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक जनसुनवाई केन्द्र विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष योजना के अन्तर्गत 10 लाख रूपए का प्रावधान कर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
- समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर चरणबद्ध रूप से आगामी 4 वर्षो में कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना की जाएगी।
- ग्रामीण क्षेत्रो में भी आज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए चूनौति खड़ी हो गई है। इस समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायतों पर स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाते हुए बर्तन बैंक बनाया जाना प्रस्तावित है।

## राजकीय अवकाश के दिन संचालित होंगे उप पंजीयक कार्यालय

अजमेर/जयपुर। राजस्थान में आमजन की सुविधा के लिए प्रत्येक शनिवार.रविवार की भांति 26 फरवरी को राजकीय अवकाश के दिन भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों में राजकार्य होगा। उप महानिरीक्षक ;मुद्रांक डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने सोमवार को बताया कि इन कार्यालयों में सामान्य दिनों की भांति पंजीयन एवं मुद्रांक संबंधी सभी कामकाज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यालय महानिरीक्षक मुद्रांक एवं पंजीयन अजमेर द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में महाशिवरात्रि के अवकाश के दिन जयपुर जिले के समस्त उप पंजीयक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस के समान खुले रहेंगे।इस दिन सभी प्रकार के दस्तावेजों का पंजीयनए बकाया राशि कीवसूली से संबंधित समस्त कार्य सम्पादित किए जाएंगे। इसी प्रकार मार्च के सभी शनिवार एवं रविवार को भी सभी उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा अधिक राजस्व अर्जन के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग का निर्धारित राजस्व लक्ष्य भी 11 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर 11 हजार 900 करोड़ रुपए कर दिया गया हैए जिसकी प्राप्ति के लिए विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




## भोजपुरी फिल्म “चुगलखोर बहुरिया” में दिखेगा रानी चटर्जी का जलवा

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्म चुगलखोर बहुरिया में नजर आएंगी। फिल्म चुगलखोर बहुरिया अंशुमन सिंह फिल्म क्रिएशन और मैड्ज़ मूवी के बैनर तले बनाई जा रही है जिसके निर्माता विनय सिंह अंशुमन सिंह और मधु शर्मा हैं।



इस फिल्म की शूटिंग जोर.शोर से जारी है और इसे भोजपुरी सिनेमा के लिए एक बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। यह फिल्म जल्द ही भोजपुरी के नंबर 1 चैनल भोजपुरी सिनेमा पर प्रसारित होगी। फिल्म चुगलखोर बहुरिया में रानी चटर्जी के साथ अवधेश मिश्रा, प्रीति शुक्ला, देव सिंह, रितेश उपाध्याय ज्योति मिश्रा, अनिता रावत और जे नीलम जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन इश्तियाक शेख बंटी ने किया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी हरीश सावंत ने की है।फिल्म के कार्यकारी निर्माता जय मिश्रा हैं।

## एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने बताया फिटनेस का राज


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता ने अपनी फिटनेस का राज बताया है। निकिता दत्ता हमेशा फिटनेस की प्रबल समर्थक रही हैं। निकिता पिछले दस वर्षों से मैराथन में भाग ले रही हैं। फिटनेस के लिए उनका जुनून नजर आता है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ अपनी कसरत की दिनचर्या और स्वस्थ आदतों को साझा करती हैं।



हाल ही में एक कार्यक्रम में निकिता ने एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के बारे में बात की। जब उनसे उनके आहार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने खुलासा कियाएजब से मैंने एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाई हैए तब से वह वास्तव में अपने जीवन के पिछले 13 वर्षों से इसका पालन कर रही हूं। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले 13 वर्षों में इंस्टेंट नूडल्स को नहीं छुआ है। कोई मैगी नहीं। मैंने किसी भी बिस्कुट को नहीं छुआ है।फिटनेस के प्रति निकिता की प्रतिबद्धता उनके अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। निकिता को आखिरी बार घरत गणपति में देखा गया थाए जो मराठी सिनेमा में उनकी शुरुआत की थी। इस फिल्म को समीक्षकों द्वारा सराहा गया और उनके प्रदर्शन को व्यापक सराहना मिली। वह अब जल्द ही सैफअली खान और जयदीप अहलावत के साथ राम माधवानी निर्देशित फिल्म ’वेल थीफऔर द वॉकिंग ऑफ नेशन में दिखाई देंगी।

# राज्य सरकार कह रही है फिजूल खर्च रोको, आबूरोड में इंटर लॉकिंग में बहा रहे हैं पैसा

आबूरोड। सिरोही जिले की आबूरोड नगर पालिका ने एक नए किस्म का औचित्यहीन काम शुरू किया है। नगर पालिका के बाहरी वार्डों में सडकों के दोनों तरफ के खाली कच्चे स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का। ये काम नगर पालिका के अकाउण्ट को खाली करने से ज्यादा कुछ नहीं नजर आ रहा है।भजनलाल सरकार ने सत्ता संभालते ही ये राग अलापना शुरू कर दिया था कि अशोक गहलोत सरकार ने आर्थिक स्थिति खराब कर दी है और इसके लिए सरकारी विभागों को पैसे का दुरुपयोग रोकना होगा। लेकिनए आबूरोड नगर पालिका में भाजपा का ही बोर्ड भाजपा राज में नियुक्त अधिशासी अधिकारी के साथ मिलकर इंटरलॉकिंग का काम करवा रहा है वो प्रथम दृष्टया तो नगर पालिका के अकाउंट को खाली करने से ज्यादा कुछ नजर नहीं आ रहा है। जो काम हो रहा है वो इंडियन रोड कांग्रेस के इंटरलॉकिंग के लिए बनाए गए नियमों पर कितना खरा उतर रहा है वो जांच का विषय है।



### सड़कों के दोनों तरफइंटरलॉकिंग

आबूरोड नगर पालिका में पिछले लम्बे समय से शहर की गलियों में सडकों के दोनों तरफकी कच्ची पट्टियों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की चर्चा है। इसे शहरवासी भी औचित्यहीन ही मान रहे हैं। गांधीनगर के बाद ये काम मानपुर में षिकेश रोड पर शुरू किया है। इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का काम सडक और सडक के सहारे चल रही नालियों के बीच के खाली पट्टियों पर किया जाता तो फिर भी ठीक थाए लेकिन आबूरोड नगर पालिका ने तो कई जगह ये काम नालियों को पार करके घरों के दरवाजों के सामने खाली जगहों को भी भर दिया। नगर पालिका ये काम सिर्फबिलिंग बढाकर ठेकेदार और इसमें शामिल स्टेक होल्डरों को लाभ पहुंचाने के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

कार्यकाल खत्म होने तक पैसा खत्म करने की नीयत तो नहीं:-सिराही जिले में छह नगर निकाय क्षेत्र हैं। सिरोहीए शिवगंजए माउण्ट आबू और पिण्डवाडा नगर पालिका बोर्ड के पांच साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। आबूरोड नगर पालिका का कार्यकाल समाप्त होना बाकी है। इस दिसम्बर में यहां पर आसीन भाजपा के बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। ये दावा किया जा रहा है कि आबूरोड नगर पालिका फिलहाल सिरोही जिले की सबसे कमाउ नगर पालिका बन चुकी है। माउण्ट आबू से भी ज्यादा रेवेन्यु यहां पर आना बताया जा रहा है। पिछली सरकार में यहां पर अस्सी करोड रुपए पडे होने की बात सामने आई थी। कांग्रेस के दो गुटों की आपसी खींचतान में यहां पर काम नहीं हुआ तो पैसा निकल नहीं पाया। अब कांग्रेस यहां पर समर्पण मुद्रा में है तो उलजुलूल कामों में पैसा निकाला जा रहा है। बोर्ड के कार्यकाल की समाप्ति से पहले इसी तरह से पैसे को सिरोही, पिण्डवाडा और माउण्ट आबू नगर पालिकाओं में भी फिजूल खर्च किया गया था। आबूरोड नगर पालिका में लगाए जाने वाली इंटर लॉकिंग टाइल्स पैसे के दुरूपयोग करने की मंशा से ज्यादा कुछ नहीं लग रहा है।

## ‘दादी’ कोई अपमानजक शब्द नहीं – अविनाश गहलोत

झुंझुनूं। राजस्थान सरकार में केबिनेट मंत्री एवं झुंझुनूं जिले के प्रभारी अविनाश गहलोत ने रविवार को कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को लेकर कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है और ष्दादीष् कोई अपमानजनक शब्द नहीं है।



झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर बजट की समीक्षा और क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करने आए अविनाश ने कहा कि हमारे परिवार में जो बुजुर्ग हैं क्या उन्हें हम दादा दादीए माता.पिताए ताऊ.ताई नहीं बोलते। यह सम्मानजनक शब्द है। हमारे हिन्दी शब्दकोष में भी हमारे परिवार के बोलचाल के अंदर भी। इंदिरा गांधी कांग्रेस की बड़ी नेता रही हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा खुद मंच से लगातार कहते रहे हैं उनकी दादी ने देश के लिए बलिदान दिया है। हमने भी वह शब्द इस्तेमाल किया है। बेवजह इस मुद्दे को उभारने के लिये इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। मैंने कोई भी असम्मानजनक शब्द नहीं कहे हैं।

अविनाश ने कहा कि कांग्रेस को मेरे द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द से आपत्ति है और यदि वह असंसदीय माना जाता है तो उसे विधानसभा की कार्यवाही से हटा दिया जाए। फिर भी मेरी पार्टी और विधायक दल के नेता जो भी निर्णय लेंगे मैं उसे मानने को तैयार हूं। हमारा प्रयास विपक्ष को साथ लेकर चलने का हैए ताकि आमजन से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो सके। रही बात विधायकों के निलम्बन की तो वे विधानसभा की कार्यवाही बाधित कर रहे थे। इसलिए उन्हें विधानसभा से निलंबित किया गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बजट की समीक्षा और क्रियान्वयन के लिए सभी मंत्री जिला मुख्यालय पर उपस्थित हैं। जिलाधिकारियों के साथ बजट को लेकर समीक्षा बैठक हुई है। गत बजट की समीक्षा भी हुई है। वर्तमान में बजट में जो घोषणाएं हुईं हैंए उनका सही समय पर क्रियान्वयन हो इसके लिए चर्चा की गई है।

समावेशी बजट हैए हर वर्ग को लाभान्वित किया गया है। यह बजट पूरे राजस्थान के लिए ऐतिहासिक है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान को ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका अर्थव्यवस्था को दुगुना करने का प्रयास है।अविनाश ने कहा कि विकास के मामले में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। आने वाले समय में राजस्थान को पहले स्थान पर लाया जायेए यह मुख्यमंत्री की मंशा है। हम सभी मिलकर प्रयास कर रहे हैं कि राजस्थान पहले स्थान पर रहे।

उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते को लेकर हाल ही में मुख्यमंत्री हरियाणा के मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई है। बहुत ही जल्द यमुना जल समझौते के लिए कार्य बल का गठन करके तेज गति से काम करेंगे।जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों के बारे में अविनाश ने कहा कि निश्चित ही अपराधों में कमी लाने की सरकार की जिम्मेदारी होती है। एक वर्ष में राजस्थान में अपराधों की दर 10 प्रतिशत कम हुई है।

## Reem Hospital Show Cases Latest Insights at International Obesity Symposium

Abu Dhabi, United Arab Emirates–(Newsfile Corp. – February 24, 2025) – Reem Hospital proudly hosted the International Obesity Symposium on February 21, 2025, at the prestigious Sofitel Abu Dhabi, bringing together leading experts and specialists to explore the latest advancements in obesity management.

Reem Hospital hosted the International Obesity Symposium on at the prestigious Sofitel Abu DhabiThe symposium underscored Reem Hospital's commitment to medical excellence and innovation, featuring renowned bariatric surgeons, plastic surgeons, family medicine specialists, mental health specialists, and dietitians who shared groundbreaking insights, novel treatment methodologies, and multidisciplinary approaches to tackling obesity. Attendees engaged in insightful discussions, expert-led presentations, and interactive case studies, gaining valuable knowledge to enhance patient outcomes.The event featured a lineup of distinguished speakers, including:Dr. Adriana Rotundo, who provided critical insights on what's better GLP1 or Bariatric Surgery for Obesity managementDr. Miriam Byrne, who delivered an engaging talk on The Art of Transformation: Sculpting the Body after Massive Weight LossDr. Medhat El Sabbahy, who provided critical insights on Managing Depression in Obesity.



Dr. Abid Ali Anwar, who addressed an important clinical question: When Should Primary Care Refer Obese PatientsLama Saleem, who shared expert guidance on Managing Obesity – A Dietitian's Perspective“We were honored to host this distinguished symposium, reinforcing our dedication to advancing obesity care through education and collaboration,” said Engineer Zaid Al Siksek, Chairman of Reem Hospital. “By bringing together top minds in obesity treatment, we aim to drive innovation and improve patient health across the region.”

# देश बदल रहा है युवा अपनाएं राष्ट्रवादी सोच - वासुदेव देवनानी



अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है एवं देश बदल रहा है और युवाओं को भी राष्ट्रवादी सोच को अपनाकर आगे बढ़ना होगा। देवनानी ने अजमेर में 113 साल पुराने किंग एडवर्ड मेमोरियल गेस्ट हाउस का नाम बदल कर रविवार को महर्षि दयानन्द विश्रांति गृह कर देने के अवसर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। देवनानी के नेतृत्व में आयोजित समारोह में नाम बदलने की औपचारिक प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस मौके पर देवनानी ने कहा कि देश में गुलामी के प्रतीक चिह्नों के लिए कोई हमदर्दी या जगह नहीं होनी चाहिए। इसी सोच के साथ काम किया जा रहा है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में काम हो रहा है। राजस्थान तेजी से तरक्की की सीढ़ियां चढ़ रहा है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जैसे राष्ट्र संत और स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर भवन का नामकरण होना अपने आप में एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह पूरे समाज के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि आजादी के इतने सालों के बाद भी अजमेर में गुलामी के प्रतीक नामों का होना पीड़ादायक था। अजमेर के आम लोगों को इस बात की पीड़ा थी की अजमेर अब भी गुलामी के प्रतीक नामों को ढो रहा है। अब इन नामों को बदलने की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है। पूरी दुनियां में आज भारत का डंका बज रहा है। हम एक सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहे है। अजमेर में केईएम का नाम बदलकर महर्षि दयानंद विश्रांति गृह किया गया है। इसी तरह फॉयसागर का नाम बदलकर वरूण सागर और होटल खादिम का नाम बदलकर होटल अजयमेरू किया गया है। नामों का बदलाव हमें हमारी सनातन और विपुल संस्कृति की और आगे बढ़ाएगा। यह आवश्यक है कि हम हमारी संस्कृति और राष्ट्र नायकों को अच्छे से जानें।

देवनानी ने कहा कि युवाओं को तेजी से आगे बढ़ रहे सशक्त भारत में अपनी मजबूत निभानी है। उन्हें राष्ट्रवादी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। देश तेजी से बदल रहा है। हमें भी इस बदलाव को अपनाकर भारत की प्रगति में अपना योगदान देना होगा। भारत विश्व गुरू था है और रहेगा। विश्व के पास ज्ञान विज्ञान में जो भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां है। वे भारत की देन है। भारत के वेद ज्ञान का भण्डार हैं और पूरे विश्व को हमारी अनूठी देन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सभी को काम करना होगा। इससे पूर्व देवनानी ने गेस्ट हाउस का नाम परिवर्तन किया।


## समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.


## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 13 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अजमेर। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 13 पदों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 27 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 4 स्थाई लोक अदालत में 2 तालुका विधिक सेवा समिति ब्यावर. किशनगढ़, केकड़ी, नसीराबाद, बिजयनगर, पुष्कर एवं सरवाड़ में एक.एक कुल 13 पदों के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाएं वित्तीय वर्ष 2025.26 के लिए सेवानिवृत्त अथवा प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।इसके लिए अंतिम तिथि गुरुवार 27 फ्ऱवरी को दोपहर 3 बजे तक है। निर्धारित प्रपत्रा में आवेदन डिस्ट्रीक्ट्स ईकोर्ट्स अजमेर की वेबसाईट से प्राप्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ई.मेल आईडी dlsa1ajmer@gmail.com पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ भेजना होगा।

# राज्य सरकार सर्वजन हिताय की सोच के साथ प्रदेशवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध-दिया कुमारी




ब्यावर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राज्य सरकार को सर्वजन हिताय की सोच के साथ प्रदेशवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए सरकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं ताकि आमजन को इनका पूरा लाभ मिल सके।

दिया कुमारी रविवार को ब्यावर में जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता की और उन्होंने कहा कि रा'य सरकार सर्वजन हिताय की भावना को ध्यान में रखकर काम कर रही हैं। इससे समाज के हर वर्ग एवं हर क्षेत्र को लाभ पहुंचेगा। इस दौरान उन्होंने ब्यावर जिले से सम्बंधित बजट घोषणाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि यह बजट ब्यावर जिले के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजनाओं से परिपूर्ण है। सरकार द्वारा घोषित ये परियोजनाएं जिले के नागरिकों को उन्नत बुनियादी ढांचा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उच्च शिक्षा एवं औद्योगिक विकास का व्यापक लाभ प्रदान करेंगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में हाल में प्रस्तुत राज्य बजट की घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चर्चा की।राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में ब्यावर जिले को विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है। यह बजट जिले के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग एवं पर्यटन क्षेत्रों में व्यापक सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान विधायक शंकर सिंह रावत एवं वीरेंद्र सिंह, जिला प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, कलेक्टर डा महेंद्र खडगावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# दिया कुमारी ने दौराई रेलवे अंडर ब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



अजमेर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अजमेर दौरे के दौरान दौराई रेलवे अंडर ब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुलिया की उचित गहराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए जिससे दोपहिया एवं चौपहिया वाहन सुगमता से गुजर सकें। उन्होंने अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए उचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने शहर के मुख्य मार्गों की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और क्षतिग्रस्त सड़कों की त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर वार्ता कर पुलिया निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की गति को तेज करें और प्रगति रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अनिता भदेलए मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावतए कलेक्टर लोकबंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त कलेक्टर गजेंद्र सिंह राठौर तथा अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## किशनगढ़ के पास सुना मन की बात कार्यक्रम

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अजमेर जिले के किशनगढ़ के पास प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मान की बात को सुना।दिया कुमारी अजमेर और ब्यावर के दौरे के दौरान अजमेर जाते हुए रास्ते में किशनगढ़ के पास यह कार्यक्रम सुना। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।उन्होंने कहा कि प्रकृति और वनस्पति के सामंजस्य पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह पाठ हमें प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण की ओर आगे बढ़ाता है। साथ ही बोर्ड एग्जाम पर विद्यार्थियों के स्ट्रेस को कम करने के लिए भी प्रधानमंत्री का सुझाव हम सबको आत्मसात कर उनके साथ खड़ा होना चाहिए।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)